INDIAN SCHOOL SOHAR
FORMATIVE ASSESSMENT- 2
SUBJECT : HINDI **SET 1**

Class : VIII **Time: 45 Minutes**
Date: 28-08-2013 **Marks: 25**

....

<u>सामान्य निर्देश</u> ः (1) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्नांक अवश्य लिखिए।
(2) कार्य स्वच्छता से कीजिए। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

....

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए। (5)

हमारे आस पास और चारों तरफ के वातावरण को पर्यावरण और उसमें जो दोष उत्पन्न होते हैं, उसे प्रदूषण कहते हैं। जैसे जैसे आबादी बढ़ती गई लोग गाँवों से आकर नगरों में बसने लगे। इससे प्रदूषण बढ़ने लगा और पर्यावरण बिगड़ता गया। यह पृथ्वी केवल मनुष्यों के रहने के लिए नहीं बनी है। इस पर पशु पक्षियों और जीव जंतुओं का भी निवास है। साथ ही तरह तरह के पेड़ पौधों से भी यह हरी भरी है। पिछले हज़ार वर्षों में मनुष्य ने प्रकृति के रहस्यों को समझा है और ज्ञान विज्ञान की सहायता से मानव जीवन को अधिकाधिक सुखी बनाया है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता पर जाने अनजाने उससे अनेक भूलें भी हुई हैं, जिनसे प्रदूषण बढ़ा है और पर्यावरण दूषित हुआ है। सड़कें बनाने और रेल की पटरियाँ बिछाने के लिए पेड़ काट डाले गए। पेट्रोल और डीज़ल से चलनेवाले यातायात के साधनों से निकलनेवाले कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों से प्रदूषण बढ़ा है, जिससे स्वास्थ्य को हानि पहुँची है। मिसाइलों के परीक्षण एवं अंतरिक्ष यानों के प्रयोग से तापमान का संतुलन बिगड़ा है। फैक्टरियों से निकलनेवाली रासायनिक गैसों और गंदे मलबे ने नदी नालों और जलाशयों के जल को प्रदूषित किया है, उपजाऊ धरती को बंजर बनाया है। इससे अन्न संकट तो आया ही, गाँवों और नगरों में तरह तरह की बीमारियाँ भी फैली हैं।

(क) लोगों का गाँवों को छोड़कर शहरों में बसने का क्या कारण था ?

(i) पर्यावरण का प्रदूषित होना। (iii) आबादी का कम होना।
(ii) आबादी का बढ़ना । (iv) पर्यावरण का अस्वच्छ होना।

(ख) मिसाइल परीक्षण और अंतरिक्ष यानों के प्रयोग से क्या हानि हुई ?

(i) धरती पर हरियाली कम हो गई
(ii) धरती पर हरियाली बढ़ गई
(iii) तापमान का संतुलन बिगड़ा है
(iv) पेट्रोल और डीजल की कमी

(ग) प्रदूषण किसे कहते हैं ?

(i) पृथ्वी पर रहनेवाले जीव-जंतुओं को
(ii) पृथ्वी पर रहनेवाले जीव-जंतुओं को तथा पेड़-पौधों को
(iii) हमारे आस-पास और चारों तरफ के वातावरण को
(iv) पृथ्वी पर रहनेवाले पशु-पक्षियों को

(घ) 'पृथ्वी' का पर्यायवाची नहीं है?

(i) वसुधा (iii) धरती

(ii) धरणी (iv) रजनी

(ङ) मनुष्यों के साथ ही पृथ्वी पर और किनका निवास है?

(i) प्रकृति के रहस्यों का (iii) सड़क और रेल की पटरियों का

(ii) यातायात के साधनों का (iv) पशु पक्षियों और जीव जंतुओं का

प्रश्न (2) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। (1)

(i) हमारी प्रधानाचार्या विद्वान हैं।

(ii) एक कविताओं की पुस्तक दीजिए।

प्रश्न (3) निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए। (1)

(i) ईश्वर तुम्हें सद्बुद्धि दे।

(ii) ओह! कितनी भयंकर दुर्घटना हुई।

प्रश्न (4) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)

उपकार, विफल

प्रश्न (5) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए। (1)

सजावट, कावेरी

प्रश्न(6) निम्नलिखित शब्दों के वचन बताइए। (1)

वर्षा, जनता

प्रश्न (7) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी लिखिए। (2)

गुण, दल

प्रश्न (8) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

व्यावहारिक , द्वेष , घुमक्कड़, असह्य

प्रश्न (9) निम्नलिखित मुहावरे तथा शब्द का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (2)

रास न आना, मृत्युशैया

प्रश्न (10) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) समुद्र में विशालकाय प्रतिमा किसकी थी? तिरुवल्लुवर और संत कबीर के जीवन में क्या-क्या समानताएँ हैं? (3)

(ख) लेखिका सूर्योदय का दर्शन करने के लिए क्यों उत्सुक थी? (2)

(ग) वानर शिशु कहाँ और कैसे खेल रहे थे? (2)

(घ) लेखक ने कहानी का नाम 'रथचक्र' रखा है। क्या यह उपयुक्त है? अपने विचार लिखिए। (2)